पत्रांकः— 82

बिहार सरकार

**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

दिनांकः— 12/01/2023

## आवश्यक सूचना

### विज्ञापन सं०—01/2019 कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत)

विज्ञापन सं०—01/2019 (कनीय अभियंता) के कंडिका—04(iii) में दिनांक—28.02.2019 तक संविदा के आधार पर कार्यरत अवधि हेतु कार्यानुभव का अंक दिये जाने का प्रावधान था। CWJC No.-9817/2020 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक—07.09.2021 को पारित आदेश के अनुपालन के उद्देश्य से कार्यानुभव के गणना के लिए योग्य तिथि 17.02.2020 (आवेदन की अंतिम तिथि) को निर्धारित किया गया तथा अभ्यर्थियों के कार्यानुभव की गणना दिनांक—17.02.2020 तक करते हुए तद्नुसार कार्यानुभव का अंक दिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा LPA No.-568/2021 में दिनांक—20.12.2022 को पारित आदेश के द्वारा CWJC No.-9817/2020 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक—07.09.2021 को पारित आदेश को set aside कर दिया गया है। तदालोक में संविदा के आधार पर कार्यरत अभ्यर्थियों को कार्यानुभव हेतु अंकों की गणना विज्ञापन सं०—01/2019 (कनीय अभियंता) के कंडिका—04(iii) के अनुसार दिनांक—28.02.2019 तक किया जाना है।

अतः उक्त LPA No.-568/2021 में दिनांक—20.12.2022 को पारित आदेश के आलोक में वैसे अभ्यर्थियों, जिन्हें दिनांक—17.02.2020 तक कार्यानुभव का अंक दिया गया था, उनके अंकों में कटौती करते हुए दिनांक—28.02.2019 तक कार्यानुभव के अंकों का लाभ देते हुए मेधासूची तैयार की जा रही है।

11.1.2023

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।